## सुनीता जागेटिया मेघ मल्हार में विजेता

**भीलवाड़ा।** वस्त्रनगरी भीलवाड़ा की साहित्यकार व कवियत्री सुनीता जागेटिया ने इंदौर में मेघदूत साहित्यक संस्था की ओर से आयोजित तृतीय वार्षिक प्रतियोगिता "मेघ मल्हार" में विजेता बनकर काव्य कुमुद उपाधि प्राप्त की है। करीब दो माह चलने वाली इस प्रतियोगिता के पांच लिखित चरण क्रमशः मुक्तछंद,छंदबद्ध,गजल, लघुकथा व संस्मरण में से चार चरण जीत कर एवं मंचीय प्रस्तुति में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ये खिताब हासिल करने में सफलता प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में देश विदेश के साठ साहित्यकारों व रचनाकारों ने भाग लिया था। साहित्यक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस आयोजन में वरिष्ठ साहित्यकार राजेश्वर वशिष्ठ,गजलकार महेश शर्मा, अबरार, छंदकार अमरनाथ अग्रवाल, महेश बिसौरिया,पंडित संजीव शर्मा, रमेश विनोदी, रीना धिमान जैसे कई दिग्गजों ने उपस्थिति दर्ज कराई थी। भीलवाड़ा की साहित्यक प्रतिभा सुनीता जागेटिया की इस उपलब्धि पर शहर साहित्यकारों व उनके परिचितों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# सिन्धूपति महाराजा दाहरसेन के 1356वें जयन्ती की पूर्व संध्या पर देशभक्ति कार्यक्रम

**अजमेर,** (कासं)। सिन्धूपति महाराजा दाहरसेन के 1356 वें जयन्ती की पूर्व संध्या पर हरिभाउ उपाध्याय नगर स्थित स्मारक पर देशभक्ति सांस्कृतिक संध्या, पुरस्कार व स्वातंत्रय वीर रूपला कोल्ही बलिदान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ हिंगलाज माता पूजन, सिन्ध के मानचित्र पर रक्षा सूत्र बांधकर संकल्प लेना, महाराजा दाहरसेन व समस्त वीर महापुरूषों सहित स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान हुये राणा रतन सिंह, रूपलो कोल्ही व हेमू कालाणी की मूर्ति पर श्रृद्धासुमन अर्पित किये गये।

अतिथियों में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा इस आजादी को बरकरार रखने के लिए हमें देश भक्ति के कार्यक्रम करने चाहिए अभी देश में चुनौतियां कम नहीं है वह देश को कमजोर करने में लगी है देश देता है हमें सब कुछ हम भी तो देना सीखे।

देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है हमारा देश युवाओं का देश है राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए सेवा करनी है मातृशक्ति बहुत शक्तिशाली है हार्दिक स्थिति मजबूत है किसी अपने के लिए हम फ्रंट कर रहे हैं करोड़ों भारतीयों को रोजगार उपलब्ध होगा।

राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा हमें महापुरुषों के कार्य करने में मौका मिला है ऐसे दायित्व निभाने चाहिए युवा पीढ़ी को जोड़ने का अथक प्रयास कर रही है समारोह समिति जो आने वाले समय में मील का पत्थर होगा। रूपला कोल्ही परिवार अहमदाबाद से आई बहिन पूनम रूपाली, ने भी अपनी बात रखी और भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सोनी ने वीर पुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये तथा स्वागत भाषण नगर निगम के पूर्व उप महापौर सम्पत सांखला व आभार कवंल प्रकाश किशनानी ने किया तो वही मंच का संचालन महेन्द्र कुमार तीर्थाणी व महेश टेकचंदाणी ने किया।

पर्यटन विभाग की ओर से देशभक्ति आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें सन्त कवंरराम विद्यालय द्वारा आपरेशन सिन्धूर नाटक, स्वामी सर्वानन्द विद्यालय द्वारा तिरंगा नहीं झुकने देगें गीत, हरिसुन्दर बालिका विद्यालय द्वारा देशभक्ति नृत्य, एच के एच. विद्यालय द्वारा रूपला कोल्ही पर नाटक मंचन, मयंक कोटवाणी द्वारा आरम्भ है प्रचन्ड है......, आदर्श विद्या निकेतन द्वारा संस्कृत में देश भक्ति गीत, आदर्श नगर सिन्धी पंचायत मातृशक्ति द्वारा सिन्धु नदी, ओ मा........... मोहन कोटवाणी द्वारा देशभक्ति प्रस्तुत किये गये। सभी अतिथियों स्वागत के लिये कच्ची घोडी नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इन्हें मिले पुरस्कार- सूर्यकुमारी व परमल बॉल बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत सूर्यकुमारी व परमल बॉल बैडमिंटन मे बालिका वर्ग की विजेता मायापुर विद्यालय की छात्रायें रही जिसमं सुमन, बिंदिया, पिंकी रावत, हर्षिता, पूजा रावत, रीना रावत, खुशी रावत एवं उपविजेता क्वीन मैरीस स्पोर्ट्स अकेडमी की सपना कटारिया, नूपुर राठौड, अनिता रावत, सोनू रावत, सपना रावत, शीला रही। बालक वर्ग में ग्राम मायापुर विजेता योगेश, सागर, कमल सिंह, लक्की मडरावलिया, अजय माली, रेहान, अनुराग सिंह रावत व उपविजेता दिल्ली पब्लिक स्कूल तबीजी के छात्र राजवीर सिंह, शौर्य कुमार मिश्रा, छायांक कुमार निर्वाण, मुकुल मनोत, अभिनव सांखला, सत्यम कुमार मिश्रा, प्रज्ञान कुमार तिवारी रहे। प्रतियोगिता में कोच शुभम वैष्णव, सुप्रिया गौड, एवं निर्णायक में किशोर कुमार मारोठियॉ, मनीषा, गरिमा गोयल को भी सम्मानित किया गया। समारोह में अतिथियों का स्वागत मुकेश खींची, शैलेन्द्र सिंह परमार, शिवप्रसाद गौतम, कौष्तुभ भाटी, शशि प्रकाश इंदौरिया, सत्यनारायण भंसाली विक्रम सिंह, पुरूषोतम तेजवाणी, दुर्गाप्रसाद शर्मा, रामस्वरूप कूडी, रमेश एच. लालवाणी, लाल नाथाणी, महेश ईसराणी, संदीप धाबाई, अजय कपूर मनीष गुवालाणी, निरंजन शर्मा, रूकमणी वतवाणी, सीमा, अंजली हरवाणी कमलेश शर्मा मुकेश आहुजा हरकिशन द्वारा किया गया।

## जिला स्तरीय सब जूनियर प्रतियोगिता संपन्न

**शाहपुरा।** जूडो की जिला स्तरीय सब जूनियर प्रतियोगिता राजकीय कन्या महाविद्यालय शाहपुरा के इनडोर स्टेडियम में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन कन्हैयालाल धाकड़ रहे।अध्यक्षता जूडो जिला अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा ने की तथा अतिविशिष्ट अतिथि चिनार बैरवा ने की। कार्यक्रम में एडवोकेट कैलाश धाकड़ महावीर सैनी पूर्व महामंत्री लादू राम खटीक पूर्व उपाध्यक्ष पवन सुखवाल विट्ठल शर्मा जग्गू राणा पत्रकार मोनू छिपा चीनू वैष्णव ,जूडो सचिव राधेश्याम दरोगा,अशोक बोहरा जय किशन घुसर कोषाध्यक्ष कोच हबीब खान , महेश शर्मा हबीब खान नितिन कुमावत विपिन गौड़ शारीरिक शिक्षक जमना तेली शिवलाल जाट निशांत चौहान रघुवीर दमानी आसाराम धाकड़ नितिन कोठारी शंकर रैदास सिद्धांत घुसर एवं पूर्व के जूडो खिलाड़ी मुकेश धाकड़ चांद मोहम्मद चैनसुख धाकड़ एवं सभी पूर्व खिलाड़ी एवं खिलाड़ी छात्र उपस्थित रहे। जूडो प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल एवं प्रस्तति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# रुद्राभिषेक, लहरिया महोत्सव के साथ हुआ सांस्कृतिक आयोजन

**अजमेर,** 24 अगस्त (कासं)। श्रीनगर रोड स्थित श्री सत्यनारायण भगवान मंदिर परिसर में विराजित भोलेनाथ का रविवार को धार्मिक व परंपरागत हर्षोल्लास के साथ खंडेलवाल समाज द्वारा गन्ने के रस से भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया।

रुद्राभिषेक के बाद खंडेलवाल धर्मशाला में आयोजित महिलाओं के लहरिया महोत्सव व सांस्कृतिक आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया त्इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में समाज के एक हजार से भी अधिक महिला पुरुष ने उत्साह के साथ भाग लियात्कार्यक्रम की शुरुआत विद्वान पंडितों एवं आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना से हुई। समाज की महिलाओं द्वारा खंडेलवाल धर्मशाला, श्रीनगर रोड पर लहरिया महोत्सव भी हर्ष उल्लास से आयोजित किया गया। इसमे 300 महिलाओं ने भाग लिया।

लहरिया महोत्सव में दीपिका कायथवाल, सुमन तमोलिया, रानी सोखिया, शेफाली ठाकुरिया, मीनू खूंटेटा, वर्षा झालानी, दर्शना बंब, प्रीति वैद्य, शिल्पा भंडारिया, संध्या आदि ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। समाज की बालिकाओं एवं महिलाओं के उत्साहवर्धन हेतु कमेटी द्वारा सभी उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को उपहार वितरित किए गए। इस अवसर पर समाज बंधु राजेश मामोडिया, ओम प्रकाश निरायणवाल, निर्मल तमोलिया, राजेश बंब, राधेश्याम तमोलिया, कृष्णअवतार सांमरिया एवं सीताराम आकड़ ने यजमान के रूप में बैठकर पूजा संपन्न करवाई। श्री सत्यनारायण भगवान मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों में अध्यक्ष गौरव माचीवाला, महेश तमोलिया, गोपाल कृष्ण खुटेटा, राजेश मामोडिया , रामावतार बटवाडा, सुरेश सेठी, अशोक बाजरघान एवं कमेटी के सदस्य तथा समाजसेवी कालीचरण कोडिया, मोहनलाल तमोलिया, रामावतार सौकिया, रेवडमल टोडवाल, सुभाष कुलवाल, रमेश बंब, ओमप्रकाश बंब, कमलेश रावत, मनोज तमोलिया, भरत टोडवाल सहित अनेक समाजबंधुओं ने भोलेनाथ का अभिषेक कर समाज में सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना की।

# जाति और धर्म के नाम पर राजनीति से फेल रही नफरत

**ब्यावर** (निसं) मदरसा बोर्ड के चेयरमैन व कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एमडी चोपदार ने कहा धर्म के नाम पर नफ़रत फैलाना कांग्रेस का काम नहीं है। इतिहास गवाह है कि समय-समय पर दोनों ही धर्म के क्रांतिकारी, राजनेता, वैज्ञानिक, खिलाडी और सैनिक के रूप में देश को आगे बढ़ाया है।चोपदार ने जयपुर से जोधपुर जाते हुए अपने अल्प प्रवास पर सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि सर्व समाज ने सम्मान दिया है, यह क्षण को गौरवपूर्ण और भावुक कर देने वाला है।उन्होंने कहा कि आज देश को ऐसी पार्टी की जरूरत है जो सर्व समाज की बात करे, हर वर्ग को साथ लेकर चले। उन्होंने आगामी चुनावों में एकजुटता के साथ कांग्रेस का समर्थन करने का आा ान किया, ताकि देश और राज्य को सही मायने में विकास की राह पर लाया जा सके। इस मौके पर ब्यावर लघु उद्योग संघ अध्यक्ष व कपासन विधानसभा प्रभारी आशीषपाल पदावत, जिला प्रवक्ता अजय शर्मा, अजमत काठात, राजस्थान चीता मेहरात काठात महासभा अध्यक्ष रमेश काठात, शेख सैयद मुगल पठान महासभा अध्यक्ष वशीर मोहम्मद, सचिव महबूब खान, यूसुफ खान, निसार खान, आजाद मास्टर, रसूल काठात, प्रवीण हुसैन चीता, भरत खरवा, सकील खिलजी, इकलाख हुसैन, राजेश बालिया, राहुल सामरिया, रवि दंडायत, जाकिर पठान ,साजिद पठान, रियाज़ नागोरी, इमरान मंसूरी, सदीक काठात, रऊफ पठान, महबूब काठात अब्दुल रज्जाक, बाबू काठात, सद्दीक, इमरान, इशाक, शब्बीर, सरपंच हुसैन काठात आदि मौजूदे।

## बालिकाओं की कुशल क्षेम पूछ दी अल्पाहार की सेवा

**अजमेर,** (कासं)। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा क्लब के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन पदम चंद जैन के सहयोग से दृष्टिहीन बालिकाओं का आवासीय विद्यालय लाडली घर की 35 बालिकाओं की कुशल क्षेम पूछते हुए मिष्ठान युक्त अल्पाहार की सेवा दी गई। क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट ने बताया कि लायन पदम चंद जैन की भांजी ईशा सिंघी के जन्मदिन के अवसर पर दिव्यांग बालिकाओं को मिष्ठान युक्त अल्पाहार की सेवा दी गई। कार्यक्रम संयोजक लायन कमल बाफना के संयोजन में बालिकाओं की कुशल क्षेम पूछते हुए सेवा कार्य को संपन्न कराया गया। क्लब के जन संपर्क अधिकारी लायन अतुल पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर संत श्री कृष्णा नन्द जी महाराज ने सभी सेवा सहयोगियों को अपना आशीर्वाद दिया।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

- 18वीं पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में 22 से 25 अगस्त तक पूरे भारत में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है

**ब्यावर** (निसं)ब्रह्माकुमारीज द्वारा दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में 22 से 25 अगस्त तक पूरे भारत में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य एक लाख यूनिट रक्तदान करवाना है । इसी अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज के ब्यावर सेवाकेंद्र द्वारा 24 अगस्त रविवार को अमृतकौर चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ब्रह्माकुमारीज के आबू मुख्यालय से पधारें बीके जगदीश भाई, भूतपूर्व विधायक देवी शंकर भूतड़ा, पीएमओ डॉ सुरेन्द्र चौहान, डिप्टी सीएमएचओ सुनील कुमावत, भूतपूर्व पीएमओ डॉ प्रमोद पोरवाल, डॉ सी पी सिंघल , भूतपूर्व उपसभापति सुनील जी मूंदड़ा के कर कमलों द्वारा किया गया ।रक्तदान शिविर में 109 यूनिट रक्तदान किया गया । शिविर के दौरान विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की एवं सभी का हौंसला बढ़ाया एवं श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रेरित किया ।सभी रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र, प्रसाद के साथ आध्यात्मिक सौगात वितरित की गई ।ब्यावर सेवाकेंद्र से बी के गंगा दीदी, बीके विमला दीदी एवं रेणु दीदी उपस्थित रहे । उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया गया । सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया । अमृतकौर चिकित्सालय के पीएमओ सुरेन्द्र जी चौहान एवं समस्त मेडिकल स्टाफ की सराहना की एवं धन्यवाद दिया ।कार्यक्रम में बीके राजेंद्र , बीके ताराचंद , बीके अशोक भाटी , बीके अशोक मूंदड़ा , बीके दीपा दीदी , बीके कमलेश , बीके लोकपाल ,बीके कान्ता दीदी, बीके गंगा दीदी का सहयोग सराहनीय रहा ।

# 'मोबाइल का दुरूपयोग नहीं,सदुपयोग करें, नशे को परिवार में न आने दे'

- मेघवाल समाज की 155 प्रतिभाएं हुई सम्मानित

**ब्यावर**(निसं) सर्व मेघवंशी मेघवाल समाज सेवा संस्था ब्यावर में द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रामचंद्र गर्वा एडीएम अजमेर,अध्यक्षता भूपेंद्र कुमार मकवाना आरएएस जिला कोषाधिकारी जालौर ने कहा की इस समय में मोबाइल का सदुपयोग करें दुरूपयोग नहीं। अपने घर परिवार में नशे से दूर रहे। विशिष्ट अतिथि,गणपत राम बेरवाल सब इंस्पेक्टर थाना अधिकारी मसूदा ने बालक बालिकाओं को विभिन्न प्रकार से इस समय में हो रही फ्रॉडिंग तथा अन्य रूप में सजग रहने की बात कही। अपने आप को मजबूत बनाने तथा समय के साथ परिश्रम कर रोजगार लेने की बात कही।अध्यक्ष गुरु शरण गोयल तथा संरक्षक नारायण मेहड़ा, नरोत्तम जयपाल समस्त कार्यकारिणी ने आगंतुक सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह देते हुए साफा दुपट्टा पहना कर स्वागत अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि बुधराज कटारिया सेवानिवृत्ति उपनिदेशक शिक्षा बीकानेर, शिवप्रसाद परिहार सेवानिवृत्ति अतिरिक्त निदेशक प्राथमिक शिक्षा पाली, पंकज मेघवाल खंडीय लेखाधिकारी भारत सरकार जोधपुर, पूरण राम सापेला विकास अधिकारी रायपुर, अशोक कुमार आदरा स्टेशन प्रबंधक ब्यावर, दमयंती जयपाल प्रशासनिक अधिकारी नगर परिषद ब्यावर, महेंद्र बामनिया अग्निशमन अधिकारी ब्यावर, टी सी गौरा,संत सानिध्य में संत पुखराज लहवा सेवानिवृत्ति प्रधानध्यापक गौ भक्त समाजसेवी रायपुर, देवेंद्र कल्याणी, प्रधानाचार्य कालूराम इंडिया, विनोद कुमार पन्नू, कालूराम, मंडल पार्षद भारत बाघमार भूपेंद्र पाल पवार के सानिध्य में 155 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र, हिंदी अंग्रेजी डिक्शनरी, प्रतीक चिन्ह, संविधान उद्देशिका संविधान पुस्तक, मेडल, स्टेशनरी का सामान भामाशाह एवं संस्था द्वारा दिए गए।समारोह में भीलवाड़ा पाली जोधपुर बिलाड़ा जैतारण रायपुर मसूदा अजमेर मांगलियावास पुष्कर मेड़ता नागौर सहित क्षेत्र की प्रतिभाएं सम्मिलित हुई।कार्यकारिणी सदस्य सचिव राधेश्याम कटारिया, कोषाध्यक्ष सुगन चंद पंवार, उपाध्यक्ष सुनील तलेपा ,वरिष्ठ उपाध्याय पृथ्वीराज चौहान, सोमेश भाटी, हरिप्रसाद कड़ेला, कैलाश चंद गंदेर,रवि परिहार, त्रिलोक तालुका, जितेंद्र कटारिया, भगवान दास पल्दिया, हीराराम सोलंकी, ताराचंद वर्मा, जगदीश, अशोक कुमार गोयल,गोपाल लाल, भंवर मंडेला, हीराराम मेघवाल, श्याम सुंदर पलाडिया, भेराराम, गौरव डामोर, रमेश चंद्र गोयल, विष्णु दत्त, सुनील गोयल, ओम प्रकाश कड़ेला, शशिकांत, मेंहचद, रतन सिंह हेजू, भंवर लाल पिंडियार, रमेश चंद्र मकवाना, अध्यक्ष मारवाड़, रतनलाल कोटवाल, बदा राम इनकिया, भगवान राम,ओमप्रकाश बोचावत, भंवरलाल कड़ेला, विकास अधिकारी बिलाड़ा, विनोद मिंडल सहित अनेक समाज बंधु पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय चौहान और गुरु शरण गोयल ने संयुक्त रूप से किया।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 175 रोगियों की जांच

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। लायन्स क्लब किशनगढ़ क्लासिक के तत्वावधान में बाबा साहेब रतनलाल पाटनी की पुण्य स्मृति में आर के मार्बल के आर्थिक सहयोग से आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 175 रोगियों की जांच की गई। सूरजदेवी पाटनी सभागार में आयोज्य नेत्र शिविर में 28 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिये उपयुक्त पाया। पिछले शिविर में नेत्र चिकित्सा करवा चुके 38 नेत्र रोगियों की पुनः जांच कर चश्मा उपलब्ध कराया। क्लब अध्यक्ष अमित अगरवाल ने बताया की निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित सभी 28 रोगियों के लिए लेंस प्रत्यारोपण, जयपुर के लिये बस व्यवस्था, भोजन व आवास सहित सभी व्यवस्थाएं शंकर आई हॉस्पिटल के सौजन्य से निःशुल्क रहेगी।

# दिगम्बर जैन समाज के पर्यूषण पर्व 28 अगस्त से 6 सितम्बर तक

**अजमेर,** (कासं)। दिगम्बर जैन समाज का प्रमुख पर्व दसलक्षण पर्व पर्यूषण पर्व आगामी 28 अगस्त से प्रारंभ होगें जो 6 सितम्बर तक आयोजित होगा। यह पर्व जैन धर्म के अनुयायिओं को आत्मशुद्धि के लिये प्रेरित करता है और इसमें व्रत तपस्या, साधना और आराधना के माध्यम से आत्मा को शुद्व और पवित्र बनाने का प्रयास किया जाता है।

अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा अजमेर संभाग के महामंत्री कमल गंगवाल व संभाग संयोजक संजय कुमार जैन ने बताया कि पर्यूषण पर्व के दौरान ईर्ष्या कलह मतभेद अहंकार लोभ लालच से दूर रहते हुए धर्म आराधना करते है और अपने जीवन को सरल और सुगम बनाने का प्रयास करते है इस पर्व का उद्देश्य आत्मा की शुद्वि करना और परमात्मा के बताये रास्ते पर चल कर मोक्ष प्राप्ति की कामना करना। प्रवक्ता विजय पांडया व मनीष पाटनी ने जानकारी देते हुये बताया कि दसलक्षण धर्म के दौरान 2 सितम्बर को धूपदशमी पर्व मनाया जायेगा।

इस दिन जैन धर्मावलम्बी सभी जिन मन्दिरजी व नसियांजी चैत्यालय एवं कालोनियों के मन्दिरजी में अपने अष्ट कर्मो का नाश करने हेतु धूपाडे पर धूप खेने अपने परिवार सहित जाते है। जैन व गंगवाल ने बताया कि सांय महाआरती तत्पष्चात धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जैन धर्म पर आधारित लघु नाटिकायें प्रस्तुत की जावेगी।

## 2 व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**भीलवाड़ा।** पुलिस थाना कारोई द्वारा बनास नदी से अवैध बजरी खनन / परिवहन करते हुए 1 ट्रेक्टर मय ट्रोली, 1 लोडर जब्त कर 2 व्यक्ति को गिरफ्तार किया। सुरेन्द्रसिह राठौड थानाधिकारी, थाना कारोई व पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए। 24 अगस्त को मुखबीर सुचना मिली कि थाना कारोई सर्किल में ग्राम दुडिया के पास बनास नदी में अवैध बजरी खनन/ परिवहन हो रहा है। मौके पर बहुत से ट्रेक्टर ट्रोली में लोडर से अवैध बजरी भरी जा रही है। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँच कर आरोपी जगदीश पिता श्यामलाल उम्र 18 साल निवासी ग्राम शिवपुरा, जवासिया थाना हमीरगढ़ व कालु पिता राजमल उम्र 18 साल निवासी ग्राम उचां पुलिस थाना राशमी को गिरफ्तार किया।




# बाबा रामदेव जी का दूज से दशमी तक भरेगा विशाल मेला

- राजस्थान का प्रसिद्ध खुंडियास मे भरेगा विशाल मेला
- पूरे भादवा महीने में रोजाना भारी संख्या में पहुंच रहे हैं श्रद्धालु

**परबतसर,** (निस)डीडवाना-कुचामन एवं अजमेर जिले की सरहद पर अरावली शृंखला के मध्य स्थित ग्राम खुंडियास में बाबा रामदेव का मंदिर जन जन की आस्था का केंद्र है। ग्राम खुंडियास में जहां वर्तमान में बाबा रामदेव का विशाल मंदिर है यहां 1986 में बाबा रामदेव की प्रतिमा की स्थापना की गई थी इस स्थान को श्रद्धालु रामदेवरा के बाद रामदेव जी की दूसरी धाम मानते हैं। इसी के चलते श्रद्धालु अब इस स्थान को मिनी रामदेवरा की संज्ञा देने लगे हैं, जिस प्रकार रामदेवरा में बाबा के दर्शन आरती में लाखों की संख्या में लोग पैदल,बाइक, साइकिल तथा अन्य साधनों से जाते हैं।

वैसे ही ग्राम खुंडियास में बाबा रामदेव के मंदिर में दर्शनाथ प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। श्रद्धालु यहां रात्रि में जागरण आदि धार्मिक कार्यक्रम करते हैं बाबा रामदेव का मेला हर साल भादवा सुदी दूज में दशमी पर भरता है। मुख्य मेला दूज को भरेगा जिसमें 1 लाख तक बाबा के श्रद्धालु बाबा के दर्शनाथ आते हैं इस धाम के स्थापना को अभी ज्यादा साल नहीं हुए हैं।खुंडियास पहुंच कर जानकारी जुटाई कि 1986 में हुई थी मंदिर की स्थापना। बाबा रामदेव सेवा समिति के मंत्री रहे अनंदा राम सिमार बताते हैं कि सन 1986 में ग्राम देवपुरा जिला बूंदी के भोजराज गुर्जर अपने गांव से दंडवत यात्रा करते हुए रुणीजा रामदेवरा दंडवत जा रहे थे। इस दौरान या रुक कर उन्होंने जागरण कराया था इसके बाद अजमेर डीडवाना जिले की सीमा पर नदी के मध्य बाबा रामदेव की मूर्ति की स्थापना की गई। बाबा भोम राज गुर्जर भी यहीं पर बाबा रामदेव की पूजा अर्चना करने लगे 18 जुलाई 1996 को इसी धाम पर उनका देवलोक गमन हो गया। बाबा रामदेव मंदिर के सामने ही भोमराज गुर्जर की मूर्ति की स्थापना की गई। मंदिर की स्थापना के बाद से ही इस स्थान पर मंदिर निर्माण का कार्य शुरू हुआ था अब विशाल मंदिर है। यहां पर आज बाबा रामदेव का एक विशाल मंदिर हैयहां प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। पहाड़ों में नदी के मध्य बाबा रामदेव का मंदिर स्थित है। यहां हरियाली से लदे पहाड़ों वह दूर-दूर तक नदी के रमणीक स्थल पर 12 महीने श्रद्धालु, पर्यटकों के आने का क्रम बना रहता है। मंदिर देखरेख समिति द्वारा बाबा रामदेव मंदिर के प्रबंधन एवं विकास के लिए यहां श्री बाबा रामदेव समिति बनी हुई है। इस समिति के चुनाव हर 3 साल में होते हैं।

पूरे मंदिर एवं मेले की देखरेख एवं व्यवस्था समिति द्वारा की जाती है। खुंडियास में भक्तों के ठहरने के लिए धर्मशालाएं बनी हुई है। इसके अलावा बिस्तर, भोजन, चाय, प्रसाद, नारियल, अगरबत्ती धार्मिक तस्वीरें ऑडियो वीडियो कैसेट सीडी आदि की दुकानें हैं पीने के पानी की जगह-जगह सार्वजनिक लगी हुई है ट्यूबवेल खुदे हुए हैं पेयजल आपूर्ति दिन रात चालू रहती है शरदालुओं के लिए जगह-जगह शौचालय एवं सुविधा केंद्र बने हुए हैं, सलेमाबाद, ख्वाजा साहब व तीर्थ गुरु पुष्कर के नजदीक- खुंडियास धाम से 15 किमी दूर सलेमाबाद, बाबा के मंदिर से 20 किमी दूर अजमेर के ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह है. तथा 25 किमी दूर तीर्थराज पुष्कर स्थित है, सड़क पर मंदिर के दोनों और प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। मेले में आने के लिए अजमेर, पुष्कर कालेटड़ा, डेगाना परबतसर, मकराना अजमेर से सीधी बसे हैं।

